हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 23 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

देश आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मना रहा है। यह दिवस चंद्रयान की सफलता को समर्पित है।इस सिलसिले में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि इसरो ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में अमूल्य योगदान दिया है।उन्होंने कहा कि इसरो की यात्रा शुरू से ही शानदार रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष की प्रगति भारत की प्रगति है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का इस वर्ष का विषय "चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा" रखा गया है, जो समाज और प्रौद्योगिकी के अंतरिक्ष अन्वेषण के गहरे प्रभाव को रेखांकित करता है।

हरियाणा में भी आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। आज का दिन हमेशा पूरे देश को चंद्रयान तृतीय मिशन की चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की याद दिलाता रहेगा। जींद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जींद के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाए जाने बारे में विस्तार से बताया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार भोला ने बताया कि छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के बारे भी जागरूक किया गया ।

आकाशवाणी की महानिदेशक मौसमी चक्रवर्ती और अतिरिक्त महानिदेशक एल0 मधुनाग ने **एक पेड़ मां के नाम** पहल के तहत आज नई दिल्ली के आकाशवाणी परिसर में पौधे लगाए। आकाशवाणी के अन्य अधिकारियों ने भी इस अवसर पर पौधारोपण किया। काबिले गौर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर **'एक पेड़ मां के नाम'** अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल के तहत देशभर में लोग उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण अभियान में भाग ले रहे हैं।

फरीदाबाद के जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देश दिए हैं कि गुरुग्राम-फरीदाबाद और बल्लभगढ़-सोहना सड़क मार्गों पर फास्टैग की सुविधा का काम 31 अगस्त तक पूरा किया जाए और पहली सितंबर से इन मार्गों पर टोल वसूली प्रारंभ की जाए। विभिन्न विभागों की

इंजीनियरिंग विंग के प्रमुखों की एक बैठक लेते हुए उन्होंने फास्टटैग की सुविधा शुरू करने के लिए अजमायश का काम 26 अगस्त को शुरू कर निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कह कि पहली सितंबर से फास्टटैग हर हाल में लागू होना चाहिए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि इन सड़क मार्गों पर बने बनवाड़ी, क्रशर जोन, पाथल और मुनैरा टोल प्लाजा पर फास्टटैग की सुविधा के साथ आपस में संपर्क सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने सड़क मार्गों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने विभिन्न सड़क मार्गों की स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि जहां-जहां सड़कों पर गड्ढे हैं, उन्हें भरने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

शहीद मेजर अमित आहूजा की स्मृति में कल अंबाला शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर के मेजर अमित आहूजा चौंक पर लोगों ने फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । इसी प्रकार अंबाला शहर के मेजर अमित आहूजा पार्क में भी सुबह अनेक क्षेत्रवासी इकठ्ठे हुए और उनको याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। गौरतलब है कि वर्ष 2001 में जम्मू कश्मीर के गुरेज सेक्टर में मेजर अमित आहूजा वीरगति को प्राप्त हुए थे।अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में शहीद मेजर अमित आहूजा की 23वीं पुण्यतिथि पर एन एस एस इकाइयों, एनसीसी, यूथ रैड क्रॉस , रैड रिबन क्लब और मेजर अमित आहूजा चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर भी लगाया गया। जिसमें 65 युवाओं ने रक्तदान किया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू में जुलाई 2024 सत्र के लिए दाख़िला जारी है। इग्नू के 300 से अधिक विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाख़िला दिया जा रहा हैं।विश्वविद्यालय के करनाल स्थित क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉ धर्मपाल ने कहा कि यदि कोई विद्यार्थी नौकरी करते हुए या अपना काम करते हुए उच्च शिक्षा हासिल करना चाहता है तो इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक अवसर की तरह है। उन्होंने कहा कि आज अनेक ऐसे विद्यार्थी है जो इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा हासिल कर रहे है साथ में अपना काम काज या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। उन्होंने कहा कि इग्नू में दाख़िले के लिए पंजीकरण आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर किया जा सकता है। इग्नू में दाख़िले की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐप News on AIR पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी पर हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।